# Daily Current Affairs 09/04/2021

1. **केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने NAFED के "मधुक्रांति पोर्टल" और हनी कॉर्नर का शुभारंभ किया**



- "मधुक्रांति पोर्टल" राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (NBHM) के तहत राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (NBB), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एक पहल है।
- यह पोर्टल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शहद व अन्य मधुमक्खी उत्पादों के ट्रेसेबिलिटी स्रोत को प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण हेतु विकसित किया गया है।
- इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास के लिए तकनीकी और बैंकिंग सहयोगी इंडियन बैंक है।
- **नोट:** बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में NABARD और अन्य द्वारा 65 और NAFED द्वारा 5 सहित, मधुमक्खी / शहद उत्पादकों के 70 FPO का गठन किया गया है।
- **शहद का उत्पादन** 76,150 मीट्रिक टन (2013-14) से बढ़कर 1,20,000 मीट्रिक टन (2019-20) हो गया है।
- **शहद का निर्यात** 28378.42 मीट्रिक टन (2013-14) से बढ़कर 59536.74 मीट्रिक टन (2019-20) हो गया है।
- **NAFED (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड) के बारे में:** यह भारत में कृषि उपज के लिए विपणन सहकारी समितियों का एक शीर्ष संगठन है। इसे 2 अक्टूबर 1958 को गांधी जयंती के शुभ दिन पर स्थापित किया गया था।


Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests


## 2. शिक्षा राज्य मंत्री ने E9 देशों के शिक्षा मंत्रियों की परामर्श बैठक को संबोधित किया



- शिक्षा राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे 6 अप्रैल 2021 को **E9 पहलः SDG4 की ओर प्रगति तेज करने के लिए डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देना** विषय पर E9 देशों के शिक्षा मंत्रियों की परामर्श बैठक को संबोधित किया।
- इस पहल का प्रमुख उद्देश्य 2020 में हुई वैश्विक शिक्षा बैठक की तीन प्राथमिकताओं, **(i) शिक्षकों को सहयोग (ii) कौशल में निवेश और (iii) डिजिटल विभाजन को कम करना,** में तेजी से बदलाव करके शिक्षा प्रणाली में बदलाव के माध्यम से **SDG4 (सतत विकास लक्ष्य 4)** एजेंडा को आगे बढ़ाना और सुधार में तेजी लाना है।
- **E9 के बारे में:** E9 नौ देशों का एक मंच है, जिसका गठन **UNESCO की एजुकेशन फॉर आल (EFA)** पहल के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया गया था।
- "E" शिक्षा के लिए है और "9" निम्नलिखित **नौ देशों** का प्रतिनिधित्व करता है: बांग्लादेश, ब्राजील, चीन, मिस्र, भारत, इंडोनेशिया, मैक्सिको, नाइजीरिया और पाकिस्तान।
- E9 पहल को 1993 में नई दिल्ली, भारत में EFA शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।

## 3. डॉ हर्षवर्धन ने जनजातीय स्वास्थ्य सहयोग 'अनामय' योजना की शुरुआत की






- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा के साथ मिलकर जनजातीय स्वास्थ्य सहयोग के लिए 'अनामय' योजना की शुरुआत की।
- यह कई हितधारकों द्वारा शुरू की गई योजना है, जिसे मुख्य रूप से **पीरामल फाउंडेशन और बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (BMGF)** का सहयोग मिला है। 'अनामय' योजना भारत के जनजातीय समुदाय के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी एजेंसियों और संगठनों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को एक मंच पर लेकर आएगी।
- मंत्रालय कई गतिविधियों पर काम करेगा जैसे: राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य परिषद की स्थापना, स्वास्थ्य इकाइयों (हैल्थ सेल) की स्थापना और जनजातीय स्वास्थ्य कार्य योजना इत्यादि।
- **नोट:** प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक **'TB मुक्त भारत'** का लक्ष्य तय किया है, जो वैश्विक समयसीमा से पांच वर्ष कम है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हाल ही में, दोनों मंत्रालयों ने मिलकर '**जनजातीय TB पहल'** की शुरुआत की है।

**4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरु तेग बहादुर की 400वीं जन्म वर्षगांठ (प्रकाशोत्सव) मनाने के लिए उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की**





- केंद्र सरकार द्वारा 24 अक्टूबर, 2020 को उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था, ताकि वह आयोजनों की देखरेख के साथ-साथ गुरु तेग बहादुर की 400वीं जयंती के उपलक्ष्य में नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों को मंजूरी दे सके।
- उच्च स्तरीय समिति में चेयरमैन के रूप में प्रधानमंत्री सहित 70 सदस्य हैं।
- **गुरु तेग बहादुर के बारे में:** गुरु तेग बहादुर सिखों की स्थापना करने वाले दस गुरुओं में से नौवें हैं। वह सिख धर्म के अनुयायियों के प्रमुख थे। उनका जन्म 1 अप्रैल 1621 को हुआ था।
- **नोट: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों से 7 अप्रैल 2021 को **'परीक्षा पे चर्चा 2021'** के दौरान बातचीत की।

## 5. PMMY के शुभारंभ के बाद से 14.96 लाख करोड़ रुपये की धनराशि के 28.68 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृत किए गए

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) योजना के शुभारंभ के बाद से (19.03.2021 तक) **14.96 लाख करोड़ रुपये** की धनराशिके **28.68 करोड़** से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को छह साल पूरे हो गए हैं।
- PMMY ने 2015 से 2018 तक **1.12 करोड़** कुल अतिरिक्त रोजगार सृजन में सहायता की है।
- **नोट:** लगभग **68 प्रतिशत** ऋण महिला उद्यमियों को दिये गए हैं।
- **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के बारे में**: यह माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु / सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

## 6. सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने कृषि कानूनों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की



- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त तीन-सदस्यीय समिति ने कृषि कानूनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है।


- **नोट:** 12 जनवरी, 2021 को, सुप्रीम कोर्ट ने तीन कृषि कानूनों के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी और कृषि कानूनों पर किसानों की शिकायतों को सुनने के किए और सरकार के विचारों और सिफारिशों के लिए विशेषज्ञों की एक चार सदस्यीय समिति का गठन किया।

- **समिति के सदस्य:** प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी, शेतकारी संगठन के अनिल घनवत, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के प्रमोद कुमार जोशी और राज्यसभा के पूर्व सदस्य भूपिंदर सिंह मान।

- **नोट:** चौथे सदस्य, भूपिंदर सिंह मान, जो भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ने समिति से पद छोड़ दिया था।

- **3 कृषि कानून हैं:**

  **(i)** कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक, 2020
  **(ii)** कृषि (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत अश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020
  **(iii)** आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक, 2020




**7. CJI बोबडे ने सुप्रीम कोर्ट की पहली AI संचालित अनुसंधान पोर्टल 'SUPACE' शुरू किया**




- चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एस ए बोबडे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पोर्टल, **सुप्रीम कोर्ट पोर्टल फॉर असिस्टेंस इन कोर्ट्स एफिशिएंसी (SUPACE)** लॉन्च किया।
- यह एक उपकरण है जो प्रासंगिक तथ्यों और कानूनों को एकत्र करता है और उन्हें एक न्यायाधीश को उपलब्ध कराता है। SUPACE, न्यायाधीशों के लिए अनुसंधान को आसान बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे उनके कार्यभार में आसानी होगी।
- **नोट:** जस्टिस एल नागेश्वर राव सुप्रीम कोर्ट की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष हैं।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) एस ए बोबडे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कमेटी के पहले अध्यक्ष थे।

**8. एस रमन को SIDBI के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया**





- सरकार ने एस रमन को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।
- यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेशों तक है।
- 1991 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा अधिकारी रमन वर्तमान में भारत की पहली सूचना उपयोगिता, नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के CEO हैं।

- **SIDBI (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) के बारे में तथ्य:** यह भारत में माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के लिए सर्वोच्च नियामक एजेंसी है और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में है।

**स्थापना:** 2 अप्रैल 1990

**मुख्यालय**: लखनऊ, उत्तर प्रदेश

gradeup

### 9. FIFA ने पाकिस्तान, चाड फुटबॉल संघों को निलंबित कर दिया



- FIFA परिषद ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण **पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन (PFF)** को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, जो FIFA विधियों का गंभीर उल्लंघन करता है।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

- FIFA परिषद ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण **चाडियन फुटबॉल एसोसिएशन (FTFA)** को तत्काल प्रभाव निलंबित करने का फैसला किया।
- **नोट:** कतर 2022 FIFA विश्व कप की मेजबानी करेगा।
- **FIFA (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन) के बारे में तथ्य:**

**स्थापना:** 21 मई 1904

**मुख्यालय:** ज़्यूरिख़, स्विट्जरलैंड

**सदस्यता:** 211 राष्ट्रीय संघ

**अध्यक्ष:** गियान्नी इन्फेंटिनो

gradeup

**1.**

